Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Chandel Shri Suresh

>

Title **:** Situation arising out of closure of small scale saw-mills in Himachal Pradesh.

*m01

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश की तरफ आकृट करना चाहता हूं। वहां भारत सरकार के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट की जजमैंट के कारण बहुत सी आरा मशीनें बंद कर दी गई हैं। इस कारण वहां के किसानों को जहां बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहां ऐसे लोग जो परम्परागत रूप से उन उद्योगों के साथ जुड़े हुए थे और जो बेरोजगार नौज वान इस व्यवसाय के साथ जुड़ गए थे, उनके सामने अपनी रोजी-रोटी का भयानक संकट खड़ा हो गया है।

पिछले दिनों मेरे चुनाव क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन सौ आरा मशीनों को एक साथ बंद कर दिया गया जिसके कारण हमीरपुर जिले में भी लगभग साढ़े छः सौ लोग भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is a State matter.

श्री सुरेश चन्देल : वे लोग सबके ध्यान में अपनी व्यथा-कथा रख रहे हैं। मैंने उनकी व्यथा-कथा देखी है। स्थिति यहां तक हो गई है कि उनके बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उन परिवारों को भुखमरी से बचाने के लिए और उनके बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मामले में इंटरवीन करके प्रदेश में उनकी रोजी-रोटी को सुनिश्चित करवाएं। धन्यवाद।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप थोड़ी मदद करेंगे तब समय मिलेगा, नहीं तो छः बजे के बाद समय मिलेगा।

...(व्यवधान)

SHRI ABDULLAKUTTY (CANNANORE): Thank you, Sir, with your permission, I would like to raise a very important issue in this august House. … (*Interruptions*)

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा (मिर्ज़ापुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में पंचायत के चुनाव हो रहे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको बाद में भी नहीं बुलाएंगे। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded. Have you given any notice?

*(Interruptions)** ...

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा (मिर्ज़ापुर) : हमने नोटिस दिया है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Just now I was saying that all the hon. Members are following the rules and procedure. But you just stand up and speak without my permission. You are not helping your cause. I take a serious view of this.

... (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आपका नोटिस नहीं है लेकिन आप यहां बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)